Ministry of Culture
Government of India

डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

आज़ादी का अमृत महोत्सव

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

साहित्य अकादेमी ने स्वच्छता ही सेवा है के अंतर्गत मंडी हाउस गोल चक्कर की सफाई की

नई दिल्ली 1 अक्टूबर 2023। माननीय प्रधानमंत्री जी की अपील पर स्वच्छता ही सेवा है संकल्प के तहत आज साहित्य अकादेमी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंडी हाउस गोलचक्कर की सफाई की। सफ़ाई अभियान ठीक दस बजे शुरू हुआ। सभी कर्मचारियों ने फीरोजशाह मार्ग और कॉपरनिकस मार्ग के फुटपाथ और बगीचे को साफ किया। यहाँ स्थित रुसी कवि पुश्किन के स्मारक और आर्ट डिस्ट्रिक्ट चबूतरे को विशेषतौर पर साफ किया गया। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक घंटे से ज्यादा का श्रमदान किया।

इस अवसर पर साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने भारी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि स्वछता हमारे जीवन को बेहतर बनाती है अतः इसको बनाए रखना हमारे जीवन का अनिवार्य नियम होना चाहिए।

साहित्य अकादेमी के क्षेत्रीय कार्यालयों मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, और बेंगलुरु द्वारा भी आसपास के इलाकों की सफ़ाई करके स्वच्छता ही सेवा के संकल्प को दोहराया गया।

ज्ञात हो कि पर्यावरण और स्वच्छता को ही ध्यान में रखते हुए साहित्य अकादेमी ने कल 2 अक्टूबर को पर्यावरण और साहित्य विषय पर एक साहित्य मंच कार्यक्रम आयोजित करना भी तय किया है। इसकी अध्यक्षता प्रयाग शुक्ल करेंगे और उसमें पंकज चतुर्वेदी, राजीव रंजन गिरि, जसविंदर कौर बिंद्रा, अजय कुमार मिश्र और अनवर पाशा अपने अपने विचार व्यक्त करेंगे।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in